संख्या -79/48(1)/84-1-2014-11(शि)/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

श्री आर0पी0 सिंह,
सहायक नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग,
मरे कम्पनी, कानपुर।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 07 फरवरी, 2014

विषय श्री आर0पी0 सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक, कानपुर के सम्बन्ध में प्राप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर दोषियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आप द्वारा नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उ0प्र0 को प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरण में यह कहा गया है कि कानपुर सरोजनीनगर के नियंत्रणाधीन 03 कैलीब्रेशन टावर हैं। अतः इस सम्बन्ध में शासन को अवगत कराया जाय कि दिनांक 14.09.2011 को उपरोक्त कैलीब्रेशन टावरों में किन-किन टैंकरों का कैलीब्रेशन किया गया तथा कैलीब्रेशन के समय उपस्थित कर्मचारी का नाम, पदनाम आदि का विवरण निम्न प्रारूप पर दिया जाय :-

क्र0सं0	कैलीब्रेशन सेंटर का नाम	टैंकर संख्या	कैलीब्रेशन प्रमाण पत्र संख्या	कैलीब्रेशन में पानी भरते समय उपस्थित कर्मचारी का नाम / पदनाम
1	2	3	4	5

2. इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया जाय कि इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन के पत्र दिनांक 23.01.2012 के साथ संलग्न कैलीब्रेशन प्रमाणपत्र संख्या 740206, 740210, 740209, 740208, 740161, 740202, 740207, 740159, 740158, 740160, 740205, 740157, 740203 जिन्हें आप द्वारा अपने स्पष्टीकरण में फर्जी बताया गया है एवं कैलीब्रेशन प्रमाणपत्र संख्या 740259, 740360, 740361, 740359, 740263, 0225289, 799304, 799305 इन्हें ठीक बताया गया है, में लगाई गई मुहर तथा कार्यालय मुहर एक ही है। ऐसा किसी कार्यालय कर्मचारी एवं वरिष्ठ निरीक्षक की संलिप्तता के बिना संभव नहीं है, के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की जाय।

3. उपरोक्त सूचना व आख्या शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in